

**चहल ने विराट कोहली की तस्वीर पर फिर किया मजाक**

भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने विराट कोहली की तस्वीर पर मजाक भी किया। उन्होंने लिखा, भैया प्लीज कुछ बिरयानी यहां भी भिजवा दो सिर्फ 1400 किलोमीटर दूर।

## डोसा लेकर श्रेयस पहुंचे कोहली के घर, बदले में मिली बिरयानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं। वह इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपनी तस्वीरें और वीडियो साझा करते रहते हैं। कोहली के फैंस को उनकी सोशल मीडिया पोस्ट्स का इंतजार रहता है। अपनी हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट में कोहली टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के साथ नजर आ रहे हैं।

कोहली ने इस तस्वीर से साथ कैप्शन दिया है–श्एक प्यारा पड़ोसी जो 500 मीटर दूर रहता है वह हमारे लिए नीर डोसा लेकर आया और हमारे चेहरे पर मुस्कान लेकर आया। आपकी मां को शुक्रिया दोस्त। हमने काफी वक्त से इतना स्वाद डोसा नहीं खाया था। उम्मीद है कि तुम्हें हमारी भेजी मशरुम बिरयानी पसंद आई होगी। अच्छे इनसान। यह तस्वीर खिंचवाने का नया तरीका है... सोशल डिस्टेंसिंग अपनाते हुए। इससे पहले विराट कोहली ने वर्कआउट करते हुए अपना वीडियो शेयर किया था। इसमें भारतीय कप्तान फ्लाइ पुश–अप कर रहे थे।

# सचिन मानेंगे नहीं लेकिन वह शोएब अख्तर से डरते थे

**क्रिकेट**

अख्तर ने सचिन ही नहीं दुनिया के कई सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को डराया

## अफरीदी ने एक बार फिर सचिन तेंडुलकर के बारे में विवादास्पद बयान दिया



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने एक बार फिर सचिन तेंडुलकर के बारे में विवादास्पद बयान दिया है। अफरीदी ने नौ साल पहले कहा था कि महान बल्लेबाज को पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर की गेंदबाजी का सामना करने से डर लगता था। अफरीदी ने एक बार फिर इस विवादास्पद बात को दोहराया है। अफरीदी ने कहा कि सचिन इस बात को मानेंगे नहीं लेकिन वह अख्तर से डरते थे। हालांकि खुद शोएब अख्तर कह चुके हैं कि ऐसी कोई बात नहीं है। अफरीदी ने अपनी किताब ने कहा था, सचिन शोएब से डरते थे। मैंने खुद देखा है। मैं स्कवेर लेग पर खड़ा होता था। जब अख्तर गेंदबाजी करने आते थे तो सचिन के पांव कांपते थे।

जैनब अब्बास के साथ यूट्यूब चौनल पर उन्होंने कहा, देखिए सचिन तेंडुलकर अपने मुंह से तो कहेगा नहीं कि मैं डर रहा हूं। शोएब अख्तर के ऐसे कई स्पेल होते थे जिसमें सिर्फ सचिन ही नहीं दुनिया के कई सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को डराया। अख्तर ने कहा, जब आप मिड–ऑफ या कवर्स पर फील्डिंग करते हैं तो आप इसे देख सकते हैं। आपको किसी खिलाड़ी की बॉडी लैंग्वेज के बारे में पता चल जाता है। आप आसानी से समझ जाते हैं कि बल्लेबाज दबाव में है और वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पा रहा है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि शोएब ने सचिन को डरा दिया लेकिन शोएब के ऐसे कुछ स्पेल थे जिन्होंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों, जिनमें सचिन भी शामिल हैं, को बैकफुट पर रखा।

अफरीदी ने यह भी कहा कि सचिन को मिस्ट्री बोलर सई अजमल से भी डर लगता था। अख्तर शायद 2011 के वर्ल्ड कप का जिक्र कर रहे थे जब एक विवादास्पद फैसले में ऑनफील्ड अंपायर ने सचिन को अजमल की गेंद पर आउट दे दिया था लेकिन तीसरे अंपायर के नतीजे से साफ हुआ कि गेंद लेग स्टंप के बाहर जा रही है।

अफरीदी ने यह भी कहा, वर्ल्ड कप के दौरान सचिन सईद अजमल से डरते हुए नजर आए। यह कोई बड़ी बात नहीं है। खिलाड़ी कई बार दबाव महसूस करते हैं और यह उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हाल के दिनों में शाहिद ने कई विवादास्पद बयान दिए हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि पाकिस्तान की टीम भारतीय टीम को इतना हराती थी कि टीम इंडिया उनसे माफी मांगती थी।

# 143 साल के इतिहास में पहली बार बिना दर्शकों के टेस्ट क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दर्शकों के बिना क्रिकेट मैच की कुछ महीने पहले तक कल्पना तक नहीं की जा सकती थी लेकिन कोरोना वायरस महामारी के चलते अब यह एक हकीकत बन गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट 116 दिन बाद लौट रहा है। नियम कुछ बदले होंगे। माहौल भी काफी अलग होगा। खाली दर्शक दीर्घा में मुकाबले एक अलग तरह का अनुभव होगा।

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच बुधवार से शुरू हो रहे टेस्ट मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हो रही है। करीब चार महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शुरू हो रहा है। यह मैच खाली स्टेडियम में बिना दर्शकों के खेला जाएगा।



टेस्ट क्रिकेट के 143 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा। सब कुछ बदला–बदला सा होगा। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीमें जब मैदान में पहुंचेंगी तो उनका स्वागत करने के लिए स्टैंड में दर्शक मौजूद नहीं होंगे। बेशक, खिलाड़ी भी मैदान पर दर्शकों के जोश, पोस्टर्स और स्लोगन को मिस करेंगे। क्रिकेट के खेल में रोमांच बनाए रखने के लिए इन सबका अहम किरदार होता है। बंद दरवाजों में खेली जाने वाली इस सीरीज में अंपायर्स होंगे, खिलाड़ी होंगे, रेफरी होंगे लेकिन अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिए दर्शक नहीं होंगे।

**आईसीसी ने कोरोना में क्रिकेट के लिए कई नियम बनाए हैं:**

■खिलाड़ियों को गेंद चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल की इजाजत नहीं होगी। अगर कोई ऐसा करता है तो अंपायर दो बार चेतावनी देगा और तीसरी बार ऐसा करने पर टीम पर पांच रन की पेनल्टी लगाई जाएगी।

■ट्रैवलिंग के नियम बहुत सख्त हैं इसलिए टेस्ट सीरीज में न्यूट्रल अंपायर नहीं होंगे। स्थानीय अंपायर ही करेंगे अंपायरिंग।

■अंपायरों में अनुभव की कमी को देखते हुए हर टीम को हर पारी में एक अतिरिक्त डीआरएस दिया जाएगा।

## सौरभ गांगुली ने याद किया बचपन, बोले मैंने भूत देखा है...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली का आज 48वां जन्मदिन है। भारतीय क्रिकेट को नए मुकाम पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले गांगुली ने बचपन को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अपने घर में भूत देखा था। गांगुली ने बताया, मैंने अपने घर में भूत देखा है। वह उस युवा लड़के का भूत था जो हमारे घर में काम किया करता था। यह रविवार की शाम का वक्त था। मैं 12–13 साल का रहा होऊंगा और एक दिन मुझे परिवार ने कहा कि उस लड़के को जाकर चाय लाने के लिए बोलो। जैसे ही मैं उसे वहां देखने गया तो मैंने देखा कि वह छह मंजिला इमारत की छत पर बनी बाउंड्री वॉल पर पर दौड़ रहा है। अगर वह गिर जाता तो उसका बुरा हाल होता। गांगुली ने कहा, मैं नीचे दौड़ा और अपने चाचा को इसके बारे में बताया। मैंने उनसे कहा कि वह लड़का पागल हो गया है। गांगुली ने बताया कि इसके बाद परिवार ने फायर ब्रिगेड को बुलाया। और फायर फाइटर्स सीढ़ी की मदद से ऊपर चढ़े और रस्सी से बांधकर जबरदस्ती उसे नीचे उतारा। वह उतरना ही नहीं चाहता था।

## न्यूज डायरी




### सैकड़े से हुई प्रिंस ऑफ कोलकाता की क्रिकेट के सफर की शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बुधवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली का 48वां जन्मदिन है। प्रिंस ऑफ कोलकाता और रॉयल बंगाल टाइगर के नाम से मशहूर सौरभ गांगुली ने अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं। गांगुली की कप्तानी और बल्लेबाजी स्टाइल को आज भी याद किया जाता है। भारतीय क्रिकेट को नई पहचान दिलाने में गांगुली की अहम भूमिका है। पूर्व भारतय कप्तान गांगुली (131 रन) ने 1996 में लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर शानदार सेंचुरी से अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की। 113 टेस्ट मैचों में गांगुली ने 7212 और 311 वनडे खेलने के बाद उन्होंने 11363 रन रन बनाए। भारत की ओर से वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर 183 उनके नाम है। गांगुली ने वनडे में कुल 22 शतक लगाए, जिसमें से 18 शतक उन्होंने भारत के बाहर लगाए। कप्तानी की बात करें तो विदेशी जमीन पर उनकी कप्तानी में भारत ने 28 टेस्ट मैच खेले, जिसमें से 11 में जीत हासिल की।

### विराट कोहली की फिटनेस का राज, तौलकर खाते हैं खाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं और इसके लिए वो वर्कआउट के साथ–साथ अपने खान–पान का भी खास ख्याल रखते हैं। अपनी फिटनेस के लिए काफी सीरियस रहने वाले विराट कोहली को दुनिया के बेहद फिट क्रिकेटरों में गिना जाता है। कोविड 19 महामारी की वजह से विराट कोहली भी अपने घर में ही पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ हैं, लेकिन वो अपनी फिटनेस और डाइट का खास ख्याल रख रहे हैं ताकि उन्हें क्रिकेट शुरू होने के बाद किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। विराट व अनुष्का सोशल मीडिया पर भी खूब सक्रिय हैं और अब अनुष्का शर्मा ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया है जिसे देखकर तो यही लगता है कि विराट अपने खाने को लेकर बेहद पाबंद हैं। अनुष्का ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है कि विराट कोहली की मेहरबानी से हमारे घर में खाना भी तौलकर खाया जाता है।

### सौरव गांगुली बोले– बिना आईपीएल खेले नहीं खत्म होना चाहिए 2020

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। कोरोना वायरस के कारण आइपीएल 2020 को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है और अभी तक ये तय नहीं हुआ है कि इस साल कब आइपीएल का आयोजन होगा। हालांकि, बीसीसीआइ के बॉस गांगुली ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि आइपीएल भारत में ही खेला जाएगा।

अभी तक खबरें आ रही थीं कि आइपीएल 2020 का आयोजन विदेश में हो सकता है। खुद सौरव गांगुली भी ये कबूल कर चुके थे कि लीग को विदेशी सरजमीं पर भी आयोजित किया जा सकता है। बीसीसीआइ को तीन बड़े देशों से आइपीएल की मेजबानी करने का ऑफर भी आया था, लेकिन बोर्ड ने अभी तक इस पर सहमति नहीं जताई है, क्योंकि बीसीसीआइ फिलहाल आइसीसी के टी20 वर्ल्ड कप के स्थगित करने या नहीं करने के फैसला का इंतजार कर रही है।

### रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे हैं एमएस धौनी, दोस्त ने किया खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धौनी इस तथ्य के साथ बिना कुछ किए सुर्खियों में रहते हैं कि वे क्रिकेट खेलेंगे या नहीं? हमेशा धौनी के रिटायरमेंट या किसी और चीज को लेकर चर्चा होती रहती है। 7 जुलाई को 39 साल के हो जाने के बाद उनके बचपन के दोस्त और मैनेजर मिहिर दिवाकर ने इस बात की पुष्टि की है कि धौनी फिलहाल रिटायरमेंट के बारे में बिल्कुल भी नहीं सोच रहे हैं। मैनेजर ने बताया है कि वे आइपीएल के लिए फिर से तैयारी करेंगे। वर्ल्ड कप 2019 में आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच खेलने वाले एमएस धौनी को बिना कोई मैच खेले एक साल हो गया है। आखिरी मैच उन्होंने 10 जुलाई 2019 को खेला था।